पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

भातखण्डे संगीत सम-विश्वविद्यालय की कुलपति का कार्यकाल छः माह बढ़ा
भारत सरकार से खोज समितियों के सदस्यों के नामांकन अभी प्राप्त नहीं हुए है

लखनऊ: 04 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय, लखनऊ की कुलपति, प्रो0 श्रुति सडोलीकर काटकर का कार्यकल अग्रिम आदेशों तक 6 माह के लिये बढ़ा दिया है। प्रो0 श्रुति का कार्यकाल नये/प्रतिस्थानी कुलपति के कार्यभार ग्रहण करने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, एतद्द्वारा विस्तारित किया गया है। इस अवधि में प्रो0 श्रुति सडोलीकर काटकर कुलपति के पद के कार्याें एवं दायित्वों का निर्वहन करती रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि मानव संसाधान विकास मंत्रालय, भारत सरकार से खोज समितियों के सदस्यों के नामांकन अभी प्राप्त नहीं हुए है जिसके कारण नियमित कुलपति की नियुक्ति में अभी और समय लगने की संभावना है। इस संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को स्मरण-पत्र भी भेजा गया है। भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय में वर्तमान कुलपति के कार्यकाल में दिनांक 11 मार्च, 2015 के बाद होने वाली रिक्ति के कारण सम विश्वविद्यालय की प्रशासनिक स्थिति के बारे में कोई भी विधिक शून्यता अथवा विधिक बाध्यता उत्पन्न न हो इसके दृष्टिगत सम विश्वविद्यालय की सोसायटी के नियम 25 के द्वितीय परन्तुक, यथा अद्यतन संशोधित, के अंतर्गत वर्तमान कुलपति, प्रो0 श्रुति सडोलीकर काटकर का कार्यकाल विस्तारित किया गया है।

इस आशय की जानकारी आज यहां राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर ने दी है